आखिर कैसे नष्ट हुई सिंधु घाटी सभ्यता, क्या है हड़प्पा का रहस्य ?

भाग-1

डॉ विभूति भूषण
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

SNSRKS, कॉलेज सहरसा

हड़प्पा सभ्यता या सिंधु घाटी सभ्यता भारत की प्राचीनम महान सभ्यता थी. इसका समय काल 2350 से 1750 BC निर्धारित किया जाता है. आप इस पोस्ट में आप सिंधु घाटी सभ्यता का विकास तथा हड़प्पा सभ्यता का पतन कैसे हुआ के बारे में पढेंगें.

हड़प्पा सभ्यता का रहस्य

सिंधु घाटी सभ्यता का विकास तथा इसका अंत कैसे हुआ, यह बातें आज भी पहेली बनी हुई है. हालांकि लिपि नहीं पढ़े जाने के कारण इसके सामाजिक, राजनितिक एवं धार्मिक जीवन के बारे में भी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, फिर भी उत्खनन से प्राप्त वस्तुओं से इस संबंध में अनुमान लगाया जाता है.

सिन्धु घाटी सभ्यता का विकास और पतन को लेकर उत्खनित वस्तुओं से कुछ विशेष पता नहीं लगाया जा सका है. इस सभ्यता की उत्पत्ति कैसे हुई तथा इसका पतन कैसे हुआ यह हड़प्पा का रहस्य बना हुआ है.

हड़प्पा के रहस्य के अंतर्गत हम यहाँ मुख्य रूप से दो चीजों का अध्ययन करेंगे पहला सिंधु घाटी सभ्यता का विकास कैसे हुआ और इससे जुड़े सिद्धांत और दूसरा सिंधु घाटी सभ्यता का अंत कैसे हुआ तथा इसके पतन से संबंधित विभिन्न सिद्धांत.